01

# MEDIA COVERAGE
# JULY, 2022

**05.07.2022**
**DAINIK BHASKAR**
**INDORE**

दैनिक भास्कर

इंदौर 05-07-2022

मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने दो सब स्टेशन किए तैयार, मेट्रो भी अपने तीन सब स्टेशन बना रहा

## मेट्रो ट्रेन चलाने के लिए हर मिनट खर्च होगी उच्च दाब की 1800 यूनिट बिजली

भास्कर संवाददाता | इंदौर

प्रदेश सरकार का दावा है कि अगले वर्ष सितंबर कर इंदौर में मेट्रो ट्रेन का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इसके तहत शहर में मेट्रो का काम भी तेजी से चल रहा है। खास बात यह है कि मेट्रो के संचालन में हर मिनट 1800 यूनिट उच्च दाब की बिजली की इस्तेमाल होगी। मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की मदद से यह बिजली दी जाएगी। 120 मेगा वॉटर एम्पियर (एमवीए) की यह बिजली देने के लिए कंपनी ने दो सब स्टेशन तैयार किए हैं। मेट्रो कंपनी इन सब स्टेशन से बिजली लेने के लिए अपने तीन सब स्टेशन तैयार कर रही है, दो बन चुके हैं तीसरे का काम जारी है। मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने 220 केवी के दो सब स्टेशन जैतपुरा और मांगलिया में तैयार किए हैं, जहां से बिजली सप्लाय होगी। कंपनी के इन स्टेशनों से मेट्रो के तीन सब स्टेशनों को बिजली मिलेगी जो एमआर 10, गांधीनगर और खजराना में बन रहे हैं।

### एमआर-10 चौराहे पर गर्डर लॉन्च, ट्रैफिक डायवर्ट करना पड़ा



इंदौर | मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के तहत तेजी से काम किया जा रहा है। सोमवार को एमआर-10 चौराहे पर 12 गर्डर लॉन्च किए गए। इसके कारण ट्रैफिक सर्विस रोड पर डायवर्ट किया गया। भारी वाहनों की आवाजाही कुछ देर के लिए रोक दी गई। दोपहर में इस काम के चलते बापट चौराहे से लव-कुश चौराहे तक ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही। अब तक 11 जगह पर गर्डर लॉन्च किए जा चुके हैं।

02

**11.07.2022**
**PRAJATANTRA**
**INDORE**

## मेट्रो ट्रैक के लिए एक साथ 11-11 पिलर का निर्माण

# सुपर स्पीड...

**जल्द ही एमआर-10 ब्रिज से ट्रेक पर पटरियां डालने, सिग्नल एवं इलेक्ट्रिफिकेशन का काम शुरु होगा। मेट्रो रेल कम्पनी ने काम की गति तेज करते हुए सुपर कोरिडोर पर एक साथ 11 पाइलिंग मशीनें लगा दी हैं।**

प्रजातंत्र संवाददाता | इंदौर

मेट्रो ट्रेन का पहला चरण 2023 में पूरा करने के लिए अब मेट्रो रेल कम्पनी ने ट्रेक निर्माण में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। रेडिसन चौराहे से लेकर गांधी नगर मेट्रो डिपो तक निर्माण कार्य तेज कर दिया गया है। एमआर-10 ब्रिज से लेकर रेडिसन चौराहे तक काम की गति का अंदाजा मौके पर चल रही भारी भरकम मशीनों से ही लगाया जा सकता है।

[illegible]

## इस तस्वीर से मेट्रो के काम की स्पीड समझिए



## मेट्रो डिपो निर्माण कार्य की गति भी बढ़ेगी



[illegible]

**14.07.2022**
**TIMES OF INDIA**
**INDORE**

# Indore Metro project back on track



TOI

**Indore:** The state government's ambitious Indore Metro Rail project has finally picked up pace while the MP Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) is confident to start the operation first on a six-kilometer route between Gandhi Nagar and Super Corridor by August 2023.

Out of a 31.55km circle of proposed Indore Metro Rail project, MPMRCL has completed/ensured acquisition and availability of land for around 17.5km 'priority corridor' while construction of a depot near Super Corridor and piling of pears (pillars) is underway.

"Of this, we have identified around a six-kilometer route between Gandhi Nagar and Super Corridor (S3) to first start operation of the train by August 2023" Chhavi Bhardwaj, managing director of MPMRCL, said.

She added that apart from construction of pears, launching of segments (gadders) and setting up five stations on this six-kilometer section has been started while design of the train, which would be similar to that in operation in Kanpur, is likely to be finalized for a Gujarat-based company to start the fabrication (production).

"Kalpataru Power Transmission Limited has been assigned a tender to install a 750 Volt DC line alongside the tracks to supply electricity to the trains" she said.

According to Bhardwaj, tender for rolling stock, signaling train control and tally communication has been assigned while all the agencies have started working in coordination under monitoring of MPMRCL to achieve the common goal to start the operation in the next around one year. "We have planned some unique features for the stations that will have daylight facility along with solar rooftop panels to ensure maximum use of green energy and saving in operation of the entire project," the MD said. TNN

04
**14.07.2022**
**NAI DUNIYA**
**INDORE**

# दूसरे लांचर से सेगमेंट लगाए, अब तक 13 पिलर जोड़े

## मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट ● काम में आई तेजी, कोई बाधा न आए इसलिए यार्ड में तैयार रखे हैं एक हजार सेगमेंट

**इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर में मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट का काम तेजी से चल रहा है। बुधवार से दूसरे लांचर से भी पिलर पर सेगमेंट लगाने का काम चालू हो गया है। शहर में अब तक 13 पिलरों को 170 सेगमेंट की सहायता से जोड़ा जा चुका है। पिलर जोड़ने में सेगमेंट की कमी न आए इसलिए यार्ड में 1000 से अधिक सेगमेंट तैयार कर के रखे हुए हैं।

मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि एमआर-10 पर पहले ग्राउंड सपोर्ट सिस्टम की मदद से सेगमेंट रखे जा रहे थे, लेकिन इसमें समय लगने के कारण लांचर बुलवाया गया था। इसकी सहायता से अब तक 13 पिलर कवर किए जा चुके हैं। इसकी गति को देखते हुए दूसरा लांचर बुलवा कर विजय नगर से रेडिसन के बीच में रखवाया गया था। इतने दिन तक इसे स्थापित किया गया। बुधवार से इससे काम चालू कर दिया गया है। रात तक करीब तीन सेगमेंट लगा दिए गए हैं। गुरुवार से इसमें तेजी आ जाएगी। एमआर-10 टोल नाके से लेकर रोबोट चौराहे तक 181 पिलर तैयार किए जाने हैं। 100 से अधिक पिलर बन गए हैं। यहां मेट्रो रेल स्टेशन का काम भी चल रहा है। डिजाइन भी फाइनल हो गए हैं।

### इंदौर मेट्रो एक नजर में



| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 31.55 किमी ट्रैक की कुल लंबाई | 24 किमी का एलिवेटेड ट्रैक | अंडरग्राउंड ट्रैक को लेकर अभी निर्णय नहीं | 29 मेट्रो स्टेशन पूरे शहर मे | 7,500 करोड़ की लागत पूरे प्रोजेक्ट मे | आधा-आधा खर्च बांटेंगे केंद्र और राज्य | 440 करोड़ का काम पीपीपी मोड पर | 100 से अधिक पिलर हो चुके हैं तैयार |




विजय नगर से रेडिसन के बीच दूसरे लांचर की मदद से सेगमेंट लगाने का कार्य बुधवार से शुरू हो गया है। अब इस काम मे और तेजी आ जाएगी। अगले साल सितंबर तक पहले चरण का काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। ● राजू पवार

### अगले साल सितंबर तक ट्रायल रन का लक्ष्य

उल्लेखनीय है कि अगले साल सितंबर तक इंदौर में गांधी नगर से लेकर रेडिसन तक मेट्रो का ट्रायल रन किया जाना है। इसके लिए काम तेजी से किया जा रहा है। दूसरे चरण में शहर के मध्य क्षेत्र में मेट्रो का काम किया जाएगा। इसको लेकर जल्द ही अधिकारी और जनप्रतिनिधि बैठक करेंगे जिसमे मेट्रो के स्वरूप को लेकर निर्णय होगा।

### एमआर 10 पर दिखने लगी झलक

अधिकारियों ने बताया कि कोरोना काल के बाद अब मेट्रो के काम में तेजी आ गई है। सबसे अधिक तेजी से काम एमआर 10 रेलवे ब्रिज के समीप चल रहा है। यहां पिलर पर सेगमेंट लगाने के साथ स्टेशन का काम भी तेजी से चल रहा है। यहां मेट्रो का स्वरूप नजर आने लगा है।

**15.07.2022**
**DAINIK BHASKAR**
**INDORE**

दैनिक भास्कर इंदौर 15-07-2022

# सुपर कॉरिडोर पर मेट्रो पिलर की तैयारी



इंदौर। मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत सुपर कॉरिडोर पर पिलर खड़े करने के लिए गड्ढे किए जा रहे हैं। वहीं दूसरे चरण के तहत अब रेडिसन चौराहे से रोबोट चौराहे के बीच सेगमेंट लॉन्च करने की तैयारी की जा रही है। मेट्रो अफसरों के मुताबिक, पिलर बनने के बाद सेगमेंट लॉन्च करेंगे। ये काम आईएसबीटी की तरह ही है, लेकिन यहां के सेगमेंट वहां से डेढ़ गुना अधिक वजनी हैं।

**15.07.2022**
**INDORE SAMACHAR**
**INDORE**

## इंदौर में दूसरे लांचर से भी सेगमेंट लांच,

# 13 पिलरों को जोड़ने में लगे 170 सेगमेंट

इन्दौर (नप्र)। इंदौर में मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट का काम तेजी से चल रहा है। बुधवार से दूसरे लांचर से भी पिलर पर सेगमेंट लगाने का काम चालू हो गया है। इंदौर में अब तक 13 पिलरों को 170 सेगमेंट की सहायता से जोड़ा जा चुका है। पिलर जोड़ने में सेगमेंट की कमी न आए इसलिए यार्ड में 1000 से अधिक सेगमेंट तैयार करके रखे हुए है।



मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि एमआर 10 पर पहले ग्राउंड सपोर्ट सिस्टम की मदद से सेगमेंट रखे जा रहे थे, लेकिन इसमें समय लगने के कारण लांचर बुलवाया गया था। इसकी सहायता से अब तक 13 पिलर कवर किए जा चुके है। इसकी गति को देखते हुए दूसरा लांचर बुलवा कर विजय नगर से रेडिसन के बीच में रखवाया गया था। इतने दिन तक इसे स्थापित किया गया। बुधवार से इससे काम चालू कर दिया गया है। रात तक करीब तीन सेगमेंट लगा दिए गए है। गुरुवार से इसमें तेजी आ जाएगी।

### सौ से अधिक पिलर तैयार

एमआर-10 टोल नाका से लेकर रोबोट चौराहे तक 181 पिलर तैयार किए जाने है। इसमें से 100 से अधिक पिलर बन गए है। यहां मेट्रो ट्रेन स्टेशन का काम भी चल रहा है। इनके डिजाइन भी फाइनल हो गए है। उल्लेखनीय है कि अगले साल सितंबर तक इंदौर में गांधी नगर से लेकर रेडिसन तक मेट्रो का ट्रायल रन किया जाना है। इसके लिए काम तेजी से किया जा रहा है। दूसरे चरण में शहर के मध्य क्षेत्र में मेट्रो का काम किया जाएगा। इसको लेकर जल्द ही अधिकारी और जनप्रतिनिधि बैठक करेंगे जिसमें मेट्रो के स्वरूप को लेकर निर्णय होगा।

### एमआर-10 पर दिखने लगी झलक

अधिकारियों ने बताया कि कोरोना काल के बाद अब मेट्रो के काम में तेजी आ गई है। सबसे अधिक तेजी से काम एमआर-10 रेलवे ब्रिज के समीप चल रहा है। यहां पिलर पर सेगमेंट लगाने के साथ स्टेशन का काम भी तेजी से चल रहा है। यहां मेट्रो का स्वरूप नजर आने लगा है।

### इंदौर मेट्रो एक नजर में

ट्रैक की कुल लंबाई 31.55 किमी

24 किलोमीटर का एलिवेटेड ट्रैक

अंडरग्राउंड ट्रैक को लेकर अभी निर्णय नहीं

### पूरे शहर में 29 मेट्रो स्टेशन

पूरे प्रोजेक्ट में 7500 करोड़ की लागत, आधा-आधा खर्च बांटेंगे केंद्र और राज्य, 440 करोड़ का काम पीपीपी मोड पर, अगले साल सितंबर तक ट्रायल रन का लक्ष्य, 100 से अधिक पिलर हो चुके हैं तैयार।

**20.07.2022**
**PRAJATANTRA**
**INDORE**

# मेट्रो दौड़ने लगे चल रही है इसकी तैयारी...



शहर में मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के काम में तेजी आती दिखाई दे रही है। एमआर 10 ब्रिज क्षेत्र के बाद रेडिसन होटल से विजय नगर के मध्य भी पिलर पर सेगमेंट लगाए जा रहे हैं। अब जबकि नगर निगम में निर्वाचित परिषद अगले सप्ताह से सक्रिय हो जाएगी तो शहर विकास की यह अहम योजना दौड़ती नजर आएगी।

08

**26.07.2022**
**FREE PRESS**
**INDORE**

METRO RAIL WORK GATHERING PACE

# RVNL installs its first segment launcher

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in



Speeding up the ongoing Indore work of Metro Rail, the Rail Vikas Nigam Limited (RVNL) has installed its first segment launcher machine on Monday morning and work on the segment will start soon.

The work of Metro Rail from Radisson Square to MR 10 is going on smoothly, however the work between Gandhi Nagar and Super Corridor and Luvkush Square was going on slowly.

This will change now that RVNL has installed its first segment launcher machine. Now, the company will install the segments and develop the metro corridor for installation of metro rails on which the metro train will run.

## WORK FROM MR10 TO RADISSON SQUARE

In the corridor from MR 10 to Radisson Square there are two segment launchers working for installing segments. One launcher has installed segments over 12 pillars while six pillars have been covered by the launcher at Radisson Square. The company is also using ground support system for launching segments on seven other pillars.

## SIDE RAILS FOR SEGMENTS

Now, side rails or side walls for the track have also been brought to the city and soon they will be put in place.

09

**27.07.2022**
**PATRIKA**
**INDORE**

# कॉरिडोर पर मेट्रो ने पकड़ी सुपर स्पीड

## सेगमेंट लॉन्चिंग शुरू

**इंदौर @ पत्रिका.** शहर में मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर का काम तेजी से बढ़ रहा है। आइएसबीटी से शहीद पार्क तक का करीब 1 किमी से अधिक का ट्रैक नजर आने लगा है। मंगलवार को सुपर कॉरिडोर पर भी रेलवे विकास निगम ने सेगमेंट लॉन्चिंग का काम शुरू कर दिया। जल्द यहां भी ट्रैक आकार लेने लगेगा। कंपनी ने 6 माह में गांधी नगर से आरओबी तक अधिकांश पिलर्स की नींव पर काम शुरू कर दिया है। यही स्पीड रही तो विधानसभा चुनाव-2023 से पहले गांधी नगर से शहीद पार्क तक मेट्रो दौड़ने लगेगी। मंगलवार को टीसीएस के सामने तैयार पिलर्स पर सेगमेंट रखते हुए पटरी के लिए जमीन बनना शुरू हो गई। करीब 16 मशीनों के साथ काम हो रहा है। सुपर कॉरिडोर पर स्टेशन व एलिवेटेड ट्रैक का काम साथ चल रहा है। दो स्टेशन जल्द आकार लेंगे। पहली ट्रेन मई में मिल सकती है।

**रेलवे विकास निगम ने 6 माह में पिलर्स तैयार कर शुरू किया ट्रैक का काम**

**गांधी नगर से आइएसबीटी तक 11 किमी का एलिवेटेड ट्रैक के काम में आई तेजी**




**इंदौर.** गांधी नगर से आरओबी तक दिखने लगे पिलर्स, दो स्टेशन भी ले रहे आकार। **फोटो:** राजेश डोंगरे

**27.07.2022**
**NAI DUNIYA**
**INDORE**

# सुबह बूंदाबांदी, फिर दिनभर छाए रहे बादल, अब अगले दो दिन वर्षा कम होगी



सुहाने मौसम के बीच इंदौर के बापट चौराहे पर मेट्रो लाइन का कार्य तेजी से चल रहा है। ● **नईदुनिया**

**इंदौर।** शहर के अलग-अलग हिस्सों में सोमवार रात नौ बजे से रिमझिम और हल्की वर्षा होती रही। मंगलवार सुबह भी बूंदाबांदी और रिमझिम हुई। दोपहर 12 बजे बाद बादल छाए रहे। इससे तापमान में मामूली गिरावट देखने को मिली। अधिकतम तापमान 26.0 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि मौसम विभाग के मुताबिक न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस रहेगा। वैसे रातभर हुई हल्की वर्षा से उमस से परेशान लोगों को राहत मिली है। मौसम विज्ञानी का कहना है कि अगले दो दिन वर्षा कम होगी, क्योंकि वर्तमान में चक्रवाती हवाओं का घेरा दक्षिण पूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर बना हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक बीते घंटों में 5.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जबकि अभी तक शहर में 470.8 मिमी वर्षा हो चुकी है।

Activate W
Go to Settin